मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया मिल्लिया इस्लामिया के आरसीए- सीसीसीपी ने पहली एलुमनाई मीट आयोजित की; केंद्रीय और राज्य सेवाओं में रिकॉर्ड 120 चयन का जश्न मनाया**

नई दिल्ली, 10 जुलाई, 2026

जामिया मिल्लिया इस्लामिया (JMI) के रेजिडेंशियल कोचिंग एकेडमी (आरसीए) और सेंटर फॉर कोचिंग एंड कkरियर प्लानिंग (CCCP) ने अपने 15 साल के इतिहास में पहली बार एलुमनाई मीट आयोजित करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। "एक शाम आरसीए के नाम" वाले इस कार्यक्रम में देश भर से 30 से अधिक पूर्व छात्र शामिल हुए। इस दौरान 2025-26 में यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, भारतीय वन सेवा परीक्षा, राज्य सिविल सेवा और अन्य केंद्रीय सेवाओं में 120 चयन की एकेडमी की अब तक की सबसे बड़ी वार्षिक उपलब्धि का जश्न भी मनाया गया। विभिन्न सेवाओं में कार्यरत पूर्व छात्र इस जश्न का हिस्सा बनने के लिए देश के अलग-अलग राज्यों से आए थे, जिससे यह आयोजन साझा यादों के मिलन और सामूहिक उपलब्धि के मील के पत्थर के रूप में यादगार बन गया।

यह कार्यक्रम जेएमआई के कुलपति प्रो. मजहर आसिफ और रजिस्ट्रार प्रो. मो. महताब आलम रिज़वी के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिनकी दूरदर्शिता और मार्गदर्शन के कारण एकेडमी ने शानदार प्रगति की है। आरसीए की प्रभारी प्रोफेसर, प्रो. समीना बानो ने कहा कि यह रिकॉर्ड उपलब्धि विश्वविद्यालय के निरंतर सहयोग, रणनीतिक सोच और प्रशासनिक नेतृत्व को दर्शाती है, जिसने एकेडमी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में सक्षम बनाया है।

सिविल सेवा और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को गुणवत्तापूर्ण रेजिडेंशियल कोचिंग प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित आरसीए ने परीक्षा नियंत्रक (कार्यवाहक) प्रो. एहतेशामुल् हक के प्रति भी आभार व्यक्त किया। उनकी बहुमूल्य समझ और सटीक योजना ने आरसीए की अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। साथ ही, वित्त अधिकारी और विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारियों को भी उनके निरंतर संस्थागत सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया।

एक ही वर्ष में 120 चयन की यह बड़ी उपलब्धि आरसीए के उम्मीदवारों की कड़ी मेहनत और दृढ़ता; तथा आरसीए टीम, आरसीए काउंसलर और एकेडमिक कोऑर्डिनेटर व लीड के समर्पण का प्रमाण है। और साथ ही रिसोर्स पर्सन, टेस्ट सीरीज़, खास सेशन, पूर्व छात्रों (एलुमनाई) और सपोर्ट स्टाफ़ की ओर से मिली लगातार मदद और मार्गदर्शन का भी ज़िक्र किया गया।

शाम के कार्यक्रम में चुने गए उम्मीदवारों का सम्मान किया गया और पूर्व छात्रों ने आरसीए की क्लासरूम से लेकर पब्लिक सर्विस (लोक सेवा) के क्षेत्र तक के अपने सफ़र के अनुभव साझा किए।

आरसीए की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर इंचार्ज डॉ. सबा महमूद बशीर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने माननीय वाइस-चांसलर और सम्मानित रजिस्ट्रार का आरसीए और जामिया मिलिया इस्लामिया के प्रति उनकी दूरदर्शी सोच और अटूट प्रतिबद्धता के लिए दिल से आभार व्यक्त किया। उन्होंने परीक्षा नियंत्रक (कार्यवाहक), डीन (छात्र कल्याण), चीफ़ प्रॉक्टर, स्पोर्ट्स डायरेक्टर, डीन, डायरेक्टर, प्रोवोस्ट, चीफ़ मेडिकल ऑफ़िसर, सुरक्षा सलाहकार, फैकल्टी सदस्यों, प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों, चुने गए उम्मीदवारों और उनके अभिभावकों का भी धन्यवाद किया। साथ ही, उन्होंने यूनिवर्सिटी के विभिन्न विभागों - जैसे बिल्डिंग डिपार्टमेंट, सैनिटेशन, हॉर्टिकल्चर और MCRC - और 'टीम आरसीए' का भी उनके बहुमूल्य सहयोग और समर्पित प्रयासों के लिए शुक्रिया अदा किया, जिनकी वजह से यह कार्यक्रम यादगार और सफल रहा।

प्रोफ़ेसर साइमा सईद<br>
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी